# अनुसूची

(धारा 19 और धारा 25 देखिए)

## विद्यालय के लिए मान और मानक

| क्रमांक | मद | मान और मानक | |
|---|---|---|---|
| 1. | शिक्षकों की संख्या : | | |
| | (क) पहली कक्षा से पांचवी कक्षा के लिए | प्रवेश किए गए बालक | शिक्षकों की संख्या |
| | | साठ तक | दो |
| | | इकसठ से नब्बे के मध्य | तीन |
| | | इक्यानवे और एक सौ बीस के मध्य | चार |
| | | एक सौ इक्कीस और दो सौ के मध्य | पांच |
| | | एक सौ पचास बालकों से अधिक | पांच धन एक प्रधान अध्यापक |
| | | दो सौ बालकों से अधिक | छात्र-शिक्षक अनुपात (प्रधान अध्यापक को छोड़कर ) चालीस से अधिक नहीं होगा। |
| | (ख) छंठवी कक्षा से आठवीं कक्षा के लिए | (1) कम से कम प्रति कक्षा एक शिक्षक, इस प्रकार होगा कि निम्नलिखित प्रत्येक के लिए कम से कम एक शिक्षक हो-<br>(i) विज्ञान और गणितः<br>(ii) सामाजिक अध्ययन :<br>(iii) भाषा।<br>(2) प्रत्येक पैंतीस बालकों के लिए कम से कम एक शिक्षक।<br>(3) जहां एक सौ से अधिक बालकों को प्रवेश दिया गया है वहां ...<br>(i) एक पूर्णकालिक प्रधान अध्यापकः<br>(ii) निम्नलिखित के लिए अंशकालिक शिक्षक..<br>(अ) कला शिक्षाः<br>(आ) स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षाः<br>(इ) कार्य शिक्षा। | |
| 2. | भवन | सभी मौसम वाले भवन, जिसमें निम्नलिखित होंगे-<br>(i) प्रत्यके शिक्षक के लिए कम से कम एक कक्षा और एक कार्यालय सह-प्रधान अध्यापक कक्षः<br>(ii) बाधा मुक्त पहुंच | |

| | | |
|---|---|---|
| | | (iii) लड़को और लड़कियो के लिए पृथक शौचालयः<br>(iv) सभी बालकों के लिए सुरक्षित और पर्याप्त पेय जल सुविधाः<br>(v) जहां दोपहर का भोजन विद्यालय में पकाया जाता है वहां एक रसोई<br>(vi) खेल का मैदान<br>(vii) सीमा दीवाल या बाड़ द्वारा विद्यालय भवन की सुरक्षा करने के लिए व्यवस्थाएं। |
| 3. | एक शैक्षणिक वर्ष में कार्य दिवसों/शिक्षण घंटों की न्यूनतम संख्या | (i) पहली से पांचवी कक्षा के लिए दो सौ कार्य दिवसः<br>(ii) छठी कक्षा से आठवीं कक्षा के लिए दो सौ बीस कार्य दिवसः<br>(iii) पहली कक्षा से पांचवी कक्षा के लिए प्रति शैक्षणिक वर्ष आठ सौ शिक्षण घंटाः<br>(iv) छठी कक्षा से आठवीं कक्षा के लिए प्रति शैक्षणिक वर्ष एक हजार शिक्षण घंटें। |
| 4. | शिक्षक के लिए प्रति सप्ताह कार्य घंटों न्यूनतम संख्या | पैंतालीस शिक्षण घंटे जिसके अंतर्गत तैयारी के घंटे भी हैं। |
| 5. | अध्यापन शिक्षण उपस्कर | प्रत्येक कक्षा के लिए अपेक्षानुसार उपलब्ध कराए जाएगें। |
| 6. | पुस्तकालय | प्रत्येक विद्यालय में एक पुस्तकालय होगा, जिसमें समाचार पत्र, पत्रिकाएं और सभी विषयों पर पुस्तकें, जिनके अंतर्गत कहानी की पुस्तके भीं हैं, उपलब्ध होंगी। |
| 7. | खेल सामग्री, खेल और क्रीड़ा उपस्कर | प्रत्येक कक्षा की अपेक्षानुसार उपलब्ध कराए जाएगें। |

राष्ट्रपति ने दि राईट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कम्पल्सरी एजूकेशन एक्ट 2009 के उपरोक्त हिन्दी अनुवाद को राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 5 की उपधारा (1) के खंड (ख) के अधीन राजपत्र में प्रकाशित किए जाने के लिए प्राधिकृत कर दिया है।

सचिव, भारत सरकार